जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-17 | जयपुर, सोमवार, 25 अप्रैल, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा

# व्यवहार कुशल, संस्कार और संस्कृति को निभाने वाली है राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि संवेदनशील और पारदर्शी सरकार बनाने में राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी की अहम भूमिका है। राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी बहुत व्यवहार कुशल है। संस्कार और संस्कृति को निभाने वाली है। इसलिए ब्यूरोक्रेसी की तारीफ भी होनी चाहिए। सभी अधिकारियों को श्रेय देता हूं जिनके अथक प्रयासों से बजट घोषणाएं धरातल पर उतरने लगी है। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रदेशवासियों को उनका पूरा लाभ मिलेगा। गहलोत हरीशचंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान में लोक सेवा दिवस-2022 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गई है, उनका लाभ प्रदेश की हर गांव-ढाणी



तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की। इसकी पूरे देश में चर्चा हो रही है। राजस्थान के बाद अब कई राज्य सरकारें भी इसे लागू करने की योजना बना रही है। कई राज्यों से अधिकारी जानकारी लेने के लिए राजस्थान में आ रहे हैं।

## कलाकारों का हर मंच पर सम्मान होना चाहिए

मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समारोह में दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अभिनेता-अभिनेत्री और रंगमंच कलाकारों का सम्मान करता हूं, जो कि एक कलाकार के रूप में विभिन्न किरदार निभाते है।

ऐसे कलाकारों का हर मंच पर सम्मान होना चाहिए। उन्होंने पुराने गीतों की तारीफ करते हुए कहा कि हमारे वक्त के गाने आज भी अच्छे लगते है।



## राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ उपशाखा जालसू के चुनाव संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत खोरा बीसल में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ (पंजी.) जयपुर उपशाखा जालसू के चुनाव निर्वाचन अधिकारी गौरी शंकर गुर्जर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद हुसैन के सानिध्य में संपन्न हुए।

निर्वाचन अधिकारी गुर्जर ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्विरोध कालूराम जाट ब्लॉक अध्यक्ष, सुमन वर्मा मंत्री व कोषाध्यक्ष, संजय कुमार शर्मा, जितेंद्र बंजारा, रमेश कुमार गुर्जर को सदस्य मनोनीत किया गया। साथ ही द्वारिका प्रसाद यादव का जिला प्रतिनिधि के लिए चयन किया गया।

इस मौके पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद सैनी, पूर्व मंत्री राकेश जैन एवं समस्त ग्राम विकास अधिकारी उप शाखा जालसू ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जैतपुरा में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जैतपुरा में 75 वाँ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया । जिसके अंतर्गत भारतीय संस्कृति के विषय में प्रशिक्षणार्थियों एवं समस्त स्टाफ द्वारा जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को विभिन्नता में भी एकता, स्वतंत्रता सेनानियों, देशभक्तों की भावनाओं को प्रसारित करने का संदेश दिया गया ।





इस अवसर पर संस्था प्रधान रामस्वरूप जाट ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में प्रगतिशील है । इस दौरान कैलाश कुमार सैनी, हीरालाल शर्मा, चंद्रपाल, करोड़ी लाल मीणा, कविता मीणा, शकुंतला जाखड़, सुनील सैनी, महेंद्र कुमार शर्मा ,विक्रम सैनी, जोगेंद्र कुमार सैनी, महेंद्र कुमार शेरावत ,नवरत्न सैनी, बजरंग लाल यादव और सैकड़ों प्रशिक्षणार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

### किसानों के हित में बड़ा फैसला

# भूमि विकास बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों को ब्याज दर में 5% अनुदान

जयपुर(नि.सं.)। उदय लाल आंजना ने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए दीर्घ कालीन कृषि ऋण लेने वाले काश्तकारों के लिए 5 प्रतिशत ब्याज दर की अनुदान की योजना लागू की है। अब समय पर ऋण चुकाने वाले काश्तकारों को 5.15 प्रतिशत ब्याज दर से ऋण मिल पाएगा। यह योजना 31 मार्च, 2023 तक लागू रहेगी। आंजना ने बताया कि यह योजना सहकारी भूमि विकास बैंकों से दीर्घ कालीन अवधि के लिए लेने वाले ऋणों पर लागू होगी। उन्होंने बताया कि यह ब्याज दर किसी भी वाणिज्यिक बैंक द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर से सबसे कम है। उन्होंने



बताया कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए ऋण की सर्वाधिक आवश्यकता होती है, लेकिन ब्याज दर अधिक होने के कारण किसान को ब्याज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ता था और कृषि कार्यों में रुकावट भी पैदा होती थी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने किसानों के हित में फैसला लेते हुए इसे 1 अप्रेल, 2022 से लागू किया गया है। 1 अप्रेल, 2022 से 31 मार्च, 2023 तक की अवधि में ऋण लेने वाले सभी किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि दीर्घ कालीन कृषि ऋण 10.15 प्रतिशत की ब्याज दर पर देय होता है ।

## 7 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि







-:जन्म:-
14 फरवरी 1916

-:मृत्यु:-
28 अप्रैल 2015

राजेंद्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी

28 अप्रैल 2022
पुण्यतिथि



हमारा वतन
संस्थापक

हमारा वतन परिवार अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित करता है!




## लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9636247286, 9928747286

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

## शिक्षिका

शिक्षिका हूँ
कहाँ जाऊँगी मैं
सबके के बीच
यहीं रहूँगी मैं
कभी कहानी के
शब्दों में रहूँगी मैं
कभी शब्दों के
अक्षरों में रहूँगी मैं
बच्चों की खींची गई
आड़ी टेढ़ी
रेखाओं में रहूँगी मैं
बच्चों के चेहरों पर
मुस्कान बन
फैल जाऊँगी मैं
देख कर बच्चों को
सारे ग़म भूल जाउंगी मैं
शिक्षण से इतर
कुछ और
कर न पाऊँगी मैं
बच्चों की
आशाओं में रहूंगी मैं
उनके सपनों के
सृजन में बसूंगी मैं
मैं शिक्षिका हूँ
जाऊँगी कहाँ मैं
सबके बीच
यहीं रहूँगी मैं।



योगिता जोशी
अनुप्रिया

## पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उप-चुनाव हेतु कार्यक्रम जारी

जयपुर(नि.सं.)। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त पदों पर उप-चुनाव हेतु कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चित्रा गुप्ता की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार रिक्त पदों पर उप चुनाव के लिए निर्वाचन की लोक सूचना 25 अप्रैल को जारी की जायेगी तथा मतदान 8 मई को होगा। इस सम्बध में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 33 जिलों में 21 पंचायत समिति सदस्य, एक उप प्रधान, 32 सरपंच, 40 उप सरपंच एवं 505 वार्ड पंचों के लिए पदों पर उप चुनाव कराए जाएंगे।

# आर्थिक एवं सांख्यिकी ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रथम राज्य स्तरीय अधिवेशन जयपुर में हुआ आयोजित

**जयपुर (हमारा वतन)।** आर्थिक एवं सांख्यिकी ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन का प्रथम राज्य स्तरीय अधिवेशन एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भगवत सिंह मेहता सभागार, हरिश्चंद्र माथुर रीपा जयपुर में आयोजित किया गया ।



समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में गोविंद राम मेघवाल कैबिनेट मंत्री, सांख्यिकी विभाग, आपदा प्रबंधन एवं सहायता, प्रशासनिक सुधार और समन्वय विभाग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर जोगाराम, शासन सचिव आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग तथा डॉक्टर ओम प्रकाश बेरवा, निदेशक पब्लिक सर्विसेज एवं संयुक्त शासन सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग ने भाग लिया गया । मुख्य अतिथि गोविंद राम मेघवाल ने एसोसिएशन के अध्यक्ष भंवर लाल बेरवा, महासचिव सुंडा राम मीणा सहित एसोसिएशन के कुल 26 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई । एसोसिएशन अध्यक्ष भंवर लाल बेरवा ने एसोसिएशन गठन के उद्देश्य एवं संविधान के बारे में जानकारी देते हुए सभी सदस्यों को एसोसिएशन के गठन के संबंध में बधाई दी । इसके उपरांत उपाध्यक्ष प्रवीण झा ने सांख्यिकी सेवा को मजबूत करने तथा सांख्यिकी परिवार के सदस्यों के कल्याण हेतु एसोसिएशन के मांग पत्र में सम्मिलित बिंदुओं के बारे में विस्तार से बताया । डॉक्टर ओम प्रकाश बेरवा, निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव ने राय के विकास में सांख्यिकी विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को स्पष्ट करते हुए बताया कि राय की कोई भी योजना बिना डाटा के संभव नहीं है । सांख्यिकी विभाग के कार्मिक नींव के पत्थर के रूप में काम करते हैं । उन्होंने राय की विभिन्न योजनाओं जैसे चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड आदि योजनाओं हेतु उपलब्ध जनाधार डेटाबेस के उपयोग से सुगमता से संभव हो सकने पर भी प्रकाश डाला । डॉक्टर बेरवा ने सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सांख्यिकी विभाग द्वारा अपनाए जा रहे हैं डिजिटलाइजेशन /आईटी अनेबल सिस्टम/ बिग डाटा एनालिस्ट के माध्यम से आमजन को वित्तीय सेवाओं की उपलब्धता तथा सरकार को नीति निर्माण एवं योजनाओं की मॉनिटरिंग हेतु कार्य किए जाने के बारे में भी बताया । इस सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा परीलाभो /पदोन्नति के अवसरों/ सेवा का प्रसार इत्यादि में सुधार की आवश्यकता बताई ।समारोह के अंत में एसोसिएशन के महासचिव सुंडा राम मीणा ने कार्यक्रम में उपस्थित होने तथा सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों के उत्साहवर्धन करने पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल तथा विशिष्ट अतिथि शासन सचिव जोगाराम एवं डॉक्टर ओम प्रकाश बेरवा को धन्यवाद दिया । साथ ही समारोह में उपस्थित होने वाले समस्त सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों का भी कार्यक्रम में पधारने एवं आयोजन में सहयोग करने पर आभार प्रकट किया ।

# स्वर्ण पदक विजेता का विधायक रामलाल शर्मा ने किया स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर सीतारामपुरा निवासी मुकेश निठारवाल का नेशनल चैंपियनशिप में 20 किमी पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीतने पर विधायक रामलाल शर्मा ने माला एवं साफा बंधवाकर सम्मान किया। गौरतलब है कि हाल ही में आयोजित हुई ओपन नेशनल वॉक चैंपियनशिप, रांची झारखंड में 20 किलोमीटर पैदल चाल में मुकेश निठारवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं तथा अब मुकेश निठारवाल ओलंपिक खेलों में भागीदारी की तैयारी करना चाहते हैं और वर्तमान में आर्मी में जॉब करते हैं। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से उनका हौसला बढ़ता है और उन्होंने मुकेश निठारवाल की खेलों में रुचि देखकर आगे की तैयारियों में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव भी उपस्थित रहे।



# वृक्षमित्र ने एडीएम को जलस्रोत से सड़क पर बहते पानी पर टंकी बनवाने का दिया सुझाव

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत मरोडा (सकलाना) के मनवालसेरा में मूल जलस्रोत है ,जहां पर हमेशा पानी रहता है जो सड़क पर गिरता रहता हैं इस पानी को संरक्षित करके लोगों के लिए उपयोग में लाया जा सकता है। पानी की एहमियत को समझते हुए पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा से मुलाकात की और उन्हें भेंट में बद्रीनाथ की तुलसी का पौधा दिया तथा एक सुझाव पत्र जिलाधिकारी को भी दिया। आपको बता दें कि राइका मरोडा में कार्यरत वृक्षमित्र के नाम से मशहूर डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी जब भी किसी से मिलते हैं वें जनहित के मुद्दे होते हैं । ऐसे मुद्दे लेकर वे अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा से मिले जहां उन्होंने मरोडा, सकलाना के मनवालसेरा में जलस्रोत से सड़क पर बहते पानी पर टैंकी बनवाने का सुझाव दिया।



डॉ सोनी के जनहित के सुझाव पर अपर जिलाधिकारी ने डीडीओ व पीडीडीआरडीए को किसी योजना के अंतर्गत जलसंरक्षण के लिए पानी की टंकी बनवाने के निर्देश दिया है। पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी कहते हैं गर्मी आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की कमी होने लगती है । वही कई ऐसे स्थान हैं जिनका इस्तेमाल करते हुए हम पानी की पूर्ति कर सकते हैं । मरोडा के मनवालसेरा में पानी का मूल जलस्रोत हैं जहां पर हमेशा पानी रहता है और वह पानी सड़क पर गिरता रहता है जिसका कोई उपयोग नही हो रहा है ।

अगर यहां पर पानी की टंकी बन जाती है तो इसका सबसे याला लाभ राइका मरोडा के छात्र छात्राओं को होगा । इस विद्यालय में कुंड, मठियाणगांव, हटवालगांव व लामकाण्डे के बचे पढ़ते हैं । इन स्कूली बचों के साथ गांव के लोगो व राह चलते राहगीरों को भी पानी का लाभ मिलेगा। यह पानी का जलस्रोत बादर सिंह के खेत में है ,उन्हें इस मूल जलस्रोत की पूरी जानकारी है । अगर पानी की टंकी स्वीकृति हो जाती है और उसका कार्य बादर सिंह द्वारा किया जाता है तो पानी के मूल जलस्रोत के साथ यादा छेड़छाड़ नही होगी।

# चरण पादुका अभियान : प्रतापगढ़ जिले के पाल गाँव नारायण खेड़ा में चरण पादुका का हुआ वितरण

**प्रतापगढ़ (हमारा वतन)।** आईएएस डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी द्वारा संचालित चरण पादुका अभियान से प्रेरित होकर प्रतापगढ़ जिले के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोग्या आम्बा, पाल के विद्यार्थियों को चरण पादुका वितरित की गई।

जब इस आदिवासी अंचल के दूरगामी क्षेत्र में इन विद्यार्थियों के नंगे पाँव स्कूल जाने को मजबूर होने की खबर प्रकाशित हुई तो चरण पादुका अभियान टीम द्वारा तुरंत ही नंगे पाँव विद्यालय जाने वाले गरीब पृष्ठभूमि के 32 विद्यार्थियों को चरण पादुका मुहैया करवाई गई।




गौरतलब है कि आईएएस डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के चरण पादुका अभियान से प्रेरित होकर अब तक लगभग ढाई लाख जरूरतमंद विद्यार्थियों को चरण पादुका उपलब्ध करवाई जा चुकी है । ग्राम पंचायत नारायण खेड़ा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय आमलीखोरा में नंगे पाँव स्कूल जा रहे 54 विद्यार्थियों को स्व. जगदीश प्रसाद मालपानी की स्मृति में पहनाई गई।

प्रधानाध्यापिका ममता शर्मा ने चरणपादुका टीम के पुष्कर मेघवाल, युधिष्ठिर परमार एवं मदन कुमार का धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम के मनोज सुथार ने बताया कि आदिवासी अंचल के दूरगामी क्षेत् में आगे भी हमेशा तत्पर रहेंगे।

## जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद एमटीएस और हवलदार, पद संख्या 3603+, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2022
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद हाउसकीपर, पद संख्या 33, अंतिम तिथि 4 मई 2022
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), पद सेकंड ग्रेड टीचर, पद संख्या 9760, अंतिम तिथि 10 मई 2022
4. इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), पद एसीआईओ ग्रेड सेकंड, पद संख्या 150, अंतिम तिथि 7 मई 2022
5. पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 145 , अंतिम तिथि 7 मई 2022
6. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), पद सीपीएफ, पद संख्या 253, अंतिम तिथि 10 मई 2022
7. दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (डीटीसी) पद डीटीसी असिस्टेंट, पद संख्या 357, अंतिम तिथि 4 मई 2022
8. ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) पद ग्रुप ए बी सी, पोस्ट पद संख्या 276, अंतिम तिथि 9 मई 2022

# श्री राजपूत मोक्ष धाम और माँ शक्ति संज्या कंवर के प्रांगण में की सफाई

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री राजपूत मोक्ष धाम एवं माँ शक्ति संज्या कंवर के प्रांगण में साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने साफ - सफाई करने का बीड़ा उठाया है । कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि 4 साल में गंदगी हो गई थी,उसको स्वयं और सेवकों द्वारा सफाई करवाई । मोक्ष धाम में राजघाट की तरह सफाई होनी चाहिए । मोक्ष धाम में महाकाल शिव का वास होता है । मोक्ष धाम में सफाई करने से मन में बहुत खुशी होती है और हमारे पूर्वजों की आत्मा को सुकून मिलता है । इसी स्थान पर आगामी 25 जून 2022 को माँ शक्ति संज्या कंवर बाईसा का पाटोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा ।



## पं.रविन्द्राचार्य ने किया गायिका तनु शर्मा का चुनरी ओढाकर सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पं.रविन्द्राचार्य ने जयपुर स्थित अपने ज्योतिष कार्यालय में गायिका तनु शर्मा का चुनरी ओढाकर सम्मान किया । गायिका तनु शर्मा ने कहा कि पं.रविन्द्राचार्य ने मेरे एक गाने के हिट होने की भविष्यवाणी की जो सच में हिट रहा । जयपुर आने पर आचार्य को बताया और उनके कार्यालय में जाकर आशीर्वाद लिया । पंडित रविन्द्राचार्य ने तनु पर बाबा श्याम की कृपा बनी रहे का आशीर्वाद दिया ।






# शनाया कपूर

## ड्रेस से प्राइज टैग निकालना भूल गई ? बिना देरी किए ट्रोल्स ने ले लिए मजे

बॉलीवुड के तमाम स्टार किड्स अपने बॉलीवुड डेब्यू से पहले ही खूब लाइमलाइट बटोर लेते हैं और इस लिस्ट में शनाया कपूर का नाम भी जुड़ चुका है। बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर की लाडली बेटी शनाया कपूर जल्द ही फिल्मों की दुनिया में एंट्री मारने वाली हैं लेकिन उससे पहले ही वह कई वजहों से सुर्खियां बटोर रही हैं। यूथ के बीच शनाया कपूर अपने स्टाइलिश अंदाज और क्यूट लुक के लिए जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर भी शनाया काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन लोग उनके फैशन सेंस की खूब तारीफ करते हैं। वैसे देखा जाए तो अमूनन सभी स्टारकिड्स ट्रोल्स के निशाने पर रहते हैं लेकिन शनाया के साथ ऐसा एक-दो बार ही हुआ है कि जब लोगों ने उन्हें निशाने पर लिया था। शनाया कपूर का एक वीडियो सामने आया है जिसे देखने के बाद लोग उनकी खूब टांग खिंचाई कर रहे हैं।



**आखिर क्या है वीडियो में?**

दरअसल शनाया कपूर का यह वीडियो कल रात ही सामने आया है जिसमें वह हरे रंग की बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। शनाया किसी रेस्टोरेंट या कैफे के बाहर नजर आई हैं और जैसे ही वह पलटती हैं तो उनकी ड्रेस पर प्राइज टैग जैसा कुछ लटका हुआ नजर आ रहा है। वीडियो देखते ही लोग शनाया कपूर की जबरदस्त टांग खिंचाई करने लगे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'एक बार पहनकर ड्रेस को बदलने का इरादा है क्या?' एक दूसरे शख्स ने कॉमेंट किया है, 'ड्रेस पर लगे प्राइज टैग को तो निकाल लिया होता...इतनी भी क्या जल्दी थी?' ऐसे कई यूजर्स भी हैं जो हमेशा की तरह शनाया कपूर के कॉन्फिडेंस की भी खूब तारीफकर रहे हैं। वैसे अगर आप इस वीडियो को ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे शनाया की ड्रेस पर प्राइज नहीं बल्कि ड्रेस वॉशिंग इंस्ट्रक्शन वाला टैग लगा हुआ है जो कि ज्यादातर कपड़ों में लगा रहता है।

## ट्रांसपैरेंट पॉलीथीन का पैंट पहनने पर ट्रोल हुई उर्फी जावेद, यूजर्स ने कहा- 'मानसून अलर्ट'

सोशल मीडिया पर इस वक्त अगर कोई अपने ड्रेस की वजह से सबसे ज्यादा चर्चा में है तो वह निश्चित रूप से उर्फी जावेद हैं। उर्फी पपराजी की फेवरेट बन गई हैं। केवल ट्रोल्स ही नहीं सेलिब्रिटीज भी उनके कपड़ों को लेकर निशाना बनाते दिखे। जिनका उर्फी ने मुंहतोड़ जवाब दिया और स्पष्ट कर दिया कि यह उनकी मर्जी है कि उन्हें क्या पहनना है। उन्हें एक बार फिर से स्पॉट किया गया। उर्फी का ड्रेसिंग सेंस देख लोगों का सिर घूम गया। वह ट्रांसपैरेंट पॉलीथिन से बना पैंट पहनकर होटल की लॉबी में पोज देती देखी गई।उर्फी ने रिवीलिंग ड्रेस पहनी है। उन्हें ब्रालेट टॉप के साथ ट्रांसपैरेंट पैंट पहना है। कैमरे की ओर देखते हुए उर्फी पूछती हैं, 'अच्छी लग रही हूं ना?' उर्फी का यह ड्रेस देखकर यूजर्स भी खूब कमेंट करने लगे। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या होटल में इस तरह के कपड़े की अनुमति है?' एक यूजर ने कहा, 'मॉनसून अलर्ट।' तो एक अन्य यूजर लिखते हैं, 'प्लीज इसे रोको कोई।' एक ने कहा, 'रेनकोट पहनकर चली आई।' एक ने कमेंट किया, 'पागल हो गई है और कुछ नहीं।' उर्फी जावेद ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने ओपन फ्रंट सफेद कलर की शर्ट पहनी है और वीडियो के सामने वो अपनी अदाएं दिखा रही हैं। उर्फी ने बालों का बन बनाया है और हैवी चोकर स्टाइल नेकलेस पहना है। वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा- 'नो पेन नो गेन।



## अनन्या पांडे ने बिकिनी में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए शेयर की फोटो, सुहाना खान ने किया कमेंट



अभिनेत्री अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर कर फैन्स और फॉलोवर्स को अपडेट देती रहती हैं। इस वक्त अनन्या आने वाली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उनकी पिछली फिल्म 'गहराइयां' थी जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण, सिद्धांत चतुर्वेदी और धैर्य करवा मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। अब अनन्या ने 'गहराइयां' की शूटिंग के दौरान की थ्रोबैक तस्वीरें शेयर की हैं। वह बिकिनी पहने हुए हैं और अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। अनन्या ने ब्लू बिकिनी पहना है। उसके ऊपर प्रिंटेड ऑरेंज कलर का श्रग डाला है।

**बेस्ट फ्रेंड ने किया कमेंट**-अनन्या की बेस्ट फ्रेंड और शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने लिखा, 'ओह्हो।' उनकी एक और दोस्त शनाया कपूर ने लिखा, 'एनी।' शनाया की मां महीप कपूर ने फायर का इमोजी पोस्ट किया।

# आयुर्वेद एक्सपर्ट से जानिए क्यों गर्मियों में ज्यादा परेशान करते हैं कील-मुंहासे, क्या हैं उनसे बचाव के उपाय

गर्मियों का मौसम टीनएजर्स और ऑयली स्किन वालों के लिए सबसे ज्यादा मुश्किल भरा होता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ बता रहीं हैं कील-मुंहासों का कारण और बचाव के उपाय।आयुर्वेद में ऐक्ने को यौवन-पीड़िका कहा जाता है (यौवन का मतलब है 'किशोरावस्था' और पीड़िका का मतलब है 'फुंसी या छोटे दाने' यानी मुखदोष (चेहरे की असामान्यता)। आयुर्वेद के मुताबिक, हमारे शरीर में तीन ऊर्जाएं या दोष होते हैं ङ्क वात, पित्त और कफ। यही हमारे शरीर में किसी भी असामान्यता के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसी तरह, शरीर में विकृत पित्त दोष दो अन्य दोषों के साथ शरीर में मुंहासे (ऐक्ने) निकलने के लिए जिम्मेदार होता है। यह बिगड़ा हुआ पित्त रक्त, मांस और मेदा धातु को विकृत करता है। इसके बदले में त्वचा की परतों की गहराई में विषैले पदार्थ इकट्ठा हो जाते हैं।



**आयुर्वेद के मुताबिक ऐक्ने के लिए जिम्मेदार घटक**

1. खाने-पीने की अनुचित आदतें (जंक फूड का अत्यधिक सेवन, शरीर के लिए नुकसानदेह भोजन खाना, अनावश्यक रूप से कुछ खाने की तलब होना, खाना खाने का अनियमित समय) मुंहासे का सबसे प्रमुख कारण हैं। जिन टीनेजर्स को अपच और कब्ज की शिकायत रहती है, उन्हें मुंहासे होने का जोखिम अधिक होता है।
2. तला-भुना, मसालेदार, फ्राइड और फर्मेंटेड भोजन का जरूरत से ज्यादा सेवन करना
3. कम पानी पीना।
4. सोने की अनियमित आदतें/ कम नींद लेना
5. हॉर्मोनल असंतुलन होना, हॉर्मोन्स वाली दवाओं का सेवन करना।
6. मानसिक एवं भावनात्मक तनाव होना
7. कॉस्मेटिक्स एवं दूसरे फेशियल उत्पादों का अत्यधिक इस्तेमाल करना

मुंहासों के लिए आयुर्वेदिक प्रबंधन (बचाव एवं देखभाल) अपनायें और खाने-पीने और जीवनशैली से संबंधित आदतों पर ध्यान दें।

कील-मुंहासों से बचने के लिए नीचे दिए गए सुझावों को जरूर अपनाना चाहिए

1. अनुशासित जीवनशैली अपनाएं, जैसे कि समय पर खाना खाएं, समय पर सोएं और समय पर जागें।
2. खूब पानी पीयें।
3. अपनी डाइट में अच्छी मात्रा में ताजा फलों और सब्जियों (पकी हुई) को शामिल करें।
4. जब भूख लगे, प्यास लगे, पेशाब आये या फिर शौच जाना हो, तो इसे कभी नहीं रोकें। कहने का मतलब है कि स्वाभाविक प्रक्रियाओं को दबाने की कोशिश न करें।






## आईपीएल के लीडरबोर्ड पर राजस्थान रॉयल्स का कब्जा,सभी 6 स्थानों पर हैं RR के खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 15वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने धमाल मचाया हुआ है। आईपीएल 2022 में किसी भी टीम के लिए रनों का बचाव करना मुश्किल हो रहा है, लेकिन संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम ने अब तक 5 मैच रनों का बचाव करते हुए जीते हैं। इतना ही नहीं, आईपीएल 2022 की अंकतालिका में राजस्थान रॉयल्स इस वक्त नंबर वन की कुर्सी पर विराजमान है। इसके अलावा लीडरबोर्ड पर भी राजस्थान रॉयल्स का कब्जा है। दरअसल, राजस्थान रॉयल्स ने अब तक 7 में से 5 मैच जीते हैं। टीम अब 10 अंक और बेहतर नेट रन रेट के दम पर आईपीएल 2022 की प्वाइंट्स टेबल में नंबर वन पर कायम है, जबकि टीम के खिलाड़ियों ने लीडरबोर्ड पर जलवा बिखरने का काम किया है। आईपीएल 2022 में सबसे ज्यादा रन बनाने की बात हो, सबसे ज्यादा विकेट लेने की बात हो, सबसे बड़ा स्कोर बनाने की बात हो या फिर फेयरप्ले अवॉर्ड की बात हो। टीम हर मामले में नंबर वन बनी हुई है। राजस्थान रॉयल्स के ओपनर जोस बटलर 491 रनों के साथ ऑरेंज कैप धारण किए हुए हैं, जबकि 18 विकेट लेने की वजह से पर्पल कैप युजवेंद्र चहल के पास है। आईपीएल 2022 में सबसे बड़ा स्कोर (116 रन) बटलर ने बनाया है। सबसे ज्यादा विकेट एक मैच में चहल (5) ने चटकाए हैं। मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर जोस बटलर हैं, जिनके खाते में 222 अंक हैं, जबकि संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स 61 फेयरप्ले प्वाइंट्स हासिल कर नंबर वन बनी हुई है।

## Purple Cap लिस्ट में चहल और कुलदीप का जलवा कायम

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस में कुछ खास बदलाव नहीं आया है। राजस्थान रॉयल्स के जॉस बटलर ने मुकाबले में सीजन की अपनी तीसरी सेंचुरी जड़ दी। बटलर ने मात्र 65 गेंदों पर ही नौ चौके और इतने ही छक्के की मदद से 116 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। इस पारी के बाद बटलर अब इस सीजन में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में 500 रनों के करीब पहुंच गए हैं। काफी समय से ऑरेंज कैप अपने रखने वाले बटलर के 7 मैचों से 491 रन हो गए हैं। बटलर के अलावा पृथ्वी शॉ ने एक बार फिर से टॉप-10 खिलाड़ियों की लिस्ट में जगह बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। उनके फाफ डु प्लेसी और शिवम दुबे भी टॉप-5 में बने हुए हैं। शॉ ने राजस्थान के खिलाफ 27 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेली थी। पर्पल कैप की रेस में भी राजस्थान रॉयल्स के ही खिलाड़ी का कब्जा है। पर्पल कैप लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल युजवेंद्र चहल के सिर ही सजी हुई है। चहल 7 मैचों में 18 विकेट के साथ टॉप पर है और पर्पल कैप पर भी उन्हीं का कब्जा है।

# केविन पीटरसन ने ऋषभ पंत को लगाई लताड़, बोले- यह क्रिकेट है, फुटबॉल नहीं

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत को फटकार लगाई है, क्योंकि उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2022 के 34वें मैच में खेल भावना की कद्र नहीं की। पीटरसन का कहना है कि वह क्रिकेट के मैदान में इस तरह का व्यवहार कभी नहीं देखना चाहते। मैच के बाद के केविन पीटरसन ने स्पष्ट रूप से कहा कि पंत बल्लेबाजों को मैदान से बाहर जाने के लिए कहने की वजह से सभी सीमाएं पार कर गए। अंतिम ओवर में दिल्ली कैपिटल्स को 36 रन चाहिए थे। बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल ने ओबेड मैकॉय की पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन



छक्के लगाए। डीसी को अंतिम तीन डिलीवरी में से 18 और की जरूरत थी, लेकिन तीसरी गेंद वेस्ट हाइट की वजह से विवादों में आ गई। नॉन स्ट्राइकर कुलदीप यादव ने नो बॉल चेक करने की मांग की थी, जिस पर पहले रोवमैन पॉवेल ने समर्थन किया और फिर पूरी टीम नो बॉल चेक करने की मांग करने लगी। इस बीच कप्तान ऋषभ पंत ने पॉवेल और कुलदीप को मैदान से बाहर आने का इशारा किया। हालांकि, सहायक कोच शेन वॉटसन ने उन्हें समझाने की कोशिश की। एक अन्य डीसी कोचिंग स्टाफ सदस्य प्रवीण आमरे मैदान में गए, लेकिन अंपायरों ने उन्हें वापस जाने के लिए कहा। इस तरह मैच थोड़ी देरी के बाद फिर से शुरू हुआ और डीसी को 15 रन से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, अगर वो नो बॉल होती तो नतीजा कुछ और भी हो सकता था। जब पंत को पॉवेल और कुलदीप को ड्रेसिंग रूम में वापस आने के लिए कहते देखा गया तो इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने स्टार स्पोर्ट्स के शो पर कहा, यह क्रिकेट है, फुटबॉल नहीं।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## आईपीएल से देश को मिलेंगे कई स्टार

आईपीएल-15 का लीग चरण लगभग आधा गुजर गया है। इस दौर तक इस टी-20 लीग में एक अलग ही तस्वीर सामने आ रही है। तस्वीर बदलने की वजह इस बार मेगा ऑक्शन के बाद टीमों का संयोजन बदल जाना है। आईपीएल इतिहास की सफलतम टीमों में शुमार मुंबई इंडियंस और पिछली चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स फिसड्डी नजर आ रही हैं तो पहली बार खेलने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में सफल रही हैं। ये दोनों टीमें अपने प्रदर्शन से पहले ही प्रयास में नॉकआउट दौर में पहुंचने की उम्मीद बंधा रही हैं। इस बार लीग का सबसे चौंकाने वाला एलीमेंट रहा है स्टार खिलाड़ियों के मुकाबले अनकैप्ड खिलाड़ियों का जलवा बिखेरना। विदेशी खिलाड़ियों के पिछले सत्रों के मुकाबले कम चलने की वजह से इस बार उनके ऊपर कम भरोसा करने का ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है। टीमें मैच में चार के बजाय पांच विदेशी खिलाड़ी खिलाने की वकालत करती रही हैं। लेकिन इस सीजन में कम से कम दर्जनभर मैचों में विभिन्न टीमों ने चार के बजाय तीन विदेशी खिलाड़ियों को उतारा। माना जाता है कि रिटेन किए गए खिलाड़ी टीम में संतुलन बनाते हैं। उनके हिसाब से ही टीमें योजना भी बनाती हैं। लेकिन चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस के फ्लॉप शो की वजह रिटेन खिलाड़ियों का नहीं चल पाना और नीलामी में लिए खिलाड़ियों से टीम का संतुलित नहीं बन पाना है। रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस की जान माना जाता है। लेकिन वह जरा भी रंगत में नहीं दिख रहे। वह सात मैचों में सिर्फ 114 रन बना सके हैं। यही हाल रिटेन किए गए पोलार्ड और बुमराह का भी है। पोलार्ड अब तक मात्र 96 रन बना पाए हैं तो बुमराह चार ही विकेट निकाल सके हैं। गेंदबाजी में प्रदर्शन इस बात पर बहुत निर्भर करता है कि आपका जोड़ीदार कैसा सहयोग कर रहा है। पिछले सीजनों में ट्रेंट बोल्ट और बुमराह की जोड़ी दबाव बनाने में सफल रहती थी। लेकिन बोल्ट के राजस्थान रॉयल्स में चले जाने से दोनों ही गेंदबाज फीके पड़ गए। इस बार दोनों में से कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है। पिछले चैंपियन चेन्नै सुपरकिंग्स की जहां तक बात है, तो इसके चारों रिटेन किए गए खिलाड़ी चमक बिखेरने में एकदम नाकाम रहे।


राम गोपाल सैनी

## सांसद दिया कुमारी को भेंट की पुस्तक सैनिक उदयवीर का संघर्ष

**जयपुर (हमारा वतन)।** सैनिक के जीवन संघर्ष को लेकर लिखी गई पुस्तक 'सैनिक उदयवीर का संघर्ष' सिटी पैलेस जयपुर में राजसमंद से सांसद दिया कुमारी को नायक दीपचंद के साथ सप्रेम भेंट की गई।

दिया कुमारी ने कहा कि आपकी आत्मकथा की उपहार में दी गई पुस्तक बहुत प्रभावशाली लगती है, जो आपके जीवन में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किए गए संघर्ष को दर्शाती है।आपने अपनी दृढ़ इछाशक्ति और दृढ़ संकल्प से साबित कर दिया है, कि अगर आप ईमानदारी से आगे बढ़ते हैं तो कुछ भी असंभव नहीं है। ईमानदारी से और समर्पित रूप से। आपके खुशहाल और समृद्ध जीवन के लिए मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ रहेंगी।



## एसएमएस में 4 हजार से ज्यादा मरीज हुए परेशान:ब्लड सैंपल के 72 नंबर काउंटर को यूरोलॉजी सेक्शन में की गई शिफ्टिंग से बढ़ी परेशानी

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में एसएमएस हॉस्पिटल में आज से किए बड़े बदलाव से करीब 4 हजार मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। ओपीडी में इलाज करवाने के लिए आए मरीजों को ब्लड, यूरीन की जांच के लिए सैंपल कलेक्शन सेंटर ढूंढने में मशक्कत करनी पड़ी। हॉस्पिटल प्रशासन ने बिना सूचना के और आधी-अधूरी तैयारियों के साथ सैंपल कलेक्शन सेंटर को पुरानी जगह (72 नंबर भवन) से हटाकर यूरोलॉजी के ओपीडी सेक्शन में शिफ्ट कर दिया। इस बदलाव के कारण आज मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, ये परेशानी आगे भी बरकरार रहने की आशंका है, क्योंकि यूरोलॉजी सेक्शन के जिस एरिया में इसे शिफ्ट किया गया है। वह पहले पुरानी जगह की तुलना में छोटा है। दरअसल, यूरोलॉजी सेक्शन को एसएमएस प्रशासन ने अब नए सुपर स्पेशलिटी सेंटर में शिफ्ट कर दिया है। इस जगह के खाली होने के बाद यहां आज सैंपल कलेक्शन काउंटर को शिफ्ट किया गया। एसएमएस में ओपीडी में आने वाले मरीजों में करीब 4 हजार मरीज ऐसे होते है। इनकी ब्लड और यूरिन सैंपल की जांच की जाती है। ये सभी जांच के लिए सैंपल देने के लिए अब तक 72 नंबर भवन में व्यवस्थाएं कर रखी थी। इस भवन के सामने खाली जमीन पर आईपीडी टॉवर बनाने का काम शुरू किया गया है। इसके कारण ये शिफ्टिंग की गई।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

## अपनी कला को निखार रही चेष्टा पारीक

**जयपुर (हमारा वतन)।** जिस तरह उगते हुए सूरज को कोई रोक नहीं सकता और ना ही उसकी रोशनी को कोई छुपा सकता है,उसी तरह कला एवं प्रतिभा को भी ना कोई रोक सकता है ना कोई छुपा सकता है। कभी ना कभी वह सामने आ ही जाती है।

जी हाँ हम बात कर रहे हैं वेदांता इंटरनेशनल स्कूल,गोविंदपुरा,जयपुर की कक्षा आठ की छात्रा चेष्ठा पारीक की जो पेंसिल शेडिंग आर्ट वर्क करती है ।

लोगों को देखकर या किसी वस्तु का हूबहू स्केच बना देती है। इनके स्केच को देखकर ऐसा लगता है कि यह अभी हमसे बात करने लग जाएंगे। चित्रकारी कला का सूक्ष्मतम प्रकार है जो रेखाओं और रंगों के माध्यम से मानव चिंतन और भावनाओं को अभिव्यक्त करता है। कोरोना काल की बोरियत से तंग आकर हर किसी ने कुछ ना कुछ सृजनात्मक कार्य किया ।





उसी समय चेष्ठा ने भी पेंसिल शेडिंग आर्ट में अपना हाथ आजमाया जिसने नेट से स्केचिंग आर्ट के गुर सीखे एवं प्रयास करने लगी और महज 11 साल की उम्र में इस नन्ही सी बची चेष्ठा ने सजीव से चित्र बनाने में महारत हासिल कर ली है । इसके बनाए चित्र मंत्रमुग्ध करने वाले होते हैं।

शुरुआती दौर में कई चित्र और कागज बिगाड़े भी और आज हूबहू पेंसिल शेडिंग आर्ट से स्केच बनाती है।



## रामजी लाल शर्मा सर्व ब्राह्मण महासभा जिला उपाध्यक्ष बने

**जयपुर (हमारा वतन)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने सिरौली निवासी रामजीलाल शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है ।विप्र बंधुओं ने जिला उपाध्यक्ष बनने पर रामजी लाल शर्मा को बधाई प्रेषित की एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा का आभार व्यक्त किया ।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

## खादी को बढ़ावा देने के लिए कई योजना पर काम कर रही है योगी सरकार

**उत्तर प्रदेश (हमारा वतन)।** खादी स्वदेशी, स्वावलंबन, स्वाभिमान और स्वरोजगार का प्रतीक. खूबियों एवं संभावनाओं से भरपूर खादी में योगी सरकार और निखार लाने जा रही है । साथ ही इसकी रेंज भी बढ़ेगी । अब खादी सिर्फ कपड़ों तक ही सीमित नहीं रहेगी, खादी के कपड़ों के जरिए जूते, बैग, फैंसी पर्स आदि भी तैयार किए जाएंगे । रही बात खादी के कपड़ों को आकर्षक लुक देकर इनकी खूबसूरती निखारने की तो इस काम में योगी सरकार देश के नामचीन फ़ैशन डिजाइनरों और इससे संबंधित (निफ्ट) संस्थाओं की मदद लेगी । इसके लिए सूत की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए खादी उत्पादन केंद्रों की तकनीक को आधुनिक बनाएगी । बड़े पैमाने पर सोलर चरखों का भी वितरण करेगी । जिनको ये चरखे दिए जाएंगे उनको इसे चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा । कुल मिलाकर अगले पांच साल में विभाग ने 5000 सोलर चरखों के वितरण का लक्ष्य रखा है, इससे धागों की गुणवत्ता तो सुधरेगी ही उत्पादन भी बढ़ जाएगा । मालूम हो कि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में खादी के 14 सरकारी केंद्र हैं, इन केंद्रों के पुराने लूम की जगह नए सोलर लूम लगाए जाएंगे । सरकार ने इस बाबत अगले पांच साल के लिए मुकम्मल कार्य योजना भी तैयार की है । पिछले दिनों अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास सेक्टर के प्रस्तुतिकरण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस कार्य योजना को देखा और जरूरी निर्देश भी दिए । कार्य योजना के मुताबिक़ पंडित दीनदयाल खादी विपणन विकास सहायता योजना (एमडीए) के तहत अगले पांच वर्षों में 25 हजार कत्तीनों एवं बुनकरों को लाभान्वित किया जाएगा । उम्मीद है कि सरकार के इन प्रयासों से खादी की मांग बढ़ेगी. मांग बढ़ाने के लिए खादी को फैशन के अनुरूप बनाने, रेंज बढ़ाने के साथ सरकार मार्केटिंग पर भी जोर देगी । इस क्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग के उत्पादों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से जोड़ा जाएगा । खादी एवं ग्रामोद्योग संभावना का क्षेत्र है । इको फ्रेंडली होने के साथ न्यूनतम संरचना, कम पूंजी और कम जोखिम में इससे जुड़े उद्योग को लगाया जा सकता है । पूंजी के अनुपात में स्थानीय स्तर पर यह सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है ।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा